सार-समाचार

कारगिल विजय दिवस पर रैली निकाली

झुंझुनूं, (निसं)। राजस्थान राज्य भारत स्काउट गाइड जिला मुख्यालय झुंझुनूं के तत्वावधान में कारगिल विजय दिवस रैली का आयोजन किया गया। रैली को सीओ स्काउट महेश कालावत एवं जिला उप प्रधान नाहरसिंह गिल ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली स्काउट कार्यालय से होते हुए कारूंडिया रोड, एसबीबीजे बैंक, गांधी पार्क, मोदी रोड, कुमावत बस्ती, हरिजन बस्ती होते हुए स्काउट कार्यालय पहुंची। इस दौरान उपस्थित स्काउट्स को संबोधित करते हुए सीओ स्काउट महेश कालावत ने कहा कि हमें शहीदों की शहादत से प्रेरणा लेनी चाहिए और राष्ट्र के लिए सुयोग्य नागरिक बनते हुए देश की एकता अखंडता और अक्षुण्णता को बनाए रखने के लिए अपना सर्वस्व योगदान देना चाहिए। कालावत कहा कि पाकिस्तान पर भारत ने कारगिल युद्ध में विजय प्राप्त की थी और दुश्मन देश को मार भगाया था। इस दौरान हमारे भारतीय योद्धा भी शहीद हो गए थे। उनकी शहादत को नमन करते हुए उनके जीवन से प्रेरणा लेने के लिए आ ान किया। इस अवसर पर विभिन्न विद्यालयों के 350 से अधिक स्काउट्स ने कारगिल विजय दिवस रैली में भाग लिया सभी के हाथों में तिरंगे देखकर हर कोई शाबाशी दे रहा था कि हमारा देश का भविष्य उज्जवल है। स्काउट्स बडे जोश और खरोश के साथ भारत माता एवं अमर शहीदों के नारे लगाते हुए रैली में भाग ले रहे थे। इस अवसर पर धर्मपाल सिंह, निरंजनलाल शर्मा, मनोज शर्मा, कुलदीप, रामदेवसिंह गढवाल, जयपाल सिंह, सुनिल कुमार, जितेंद्र तंवर, विकास कुमार, जीताराम, हिम्मतसिंह, महेंद्रकुमार सैनी, रामाकिशन सैनी, विक्कीकुमार, मुन्ना राजोरा, नरेश रोहिल्ला, कविराज, नरेश कुमार, हरिराम मोरवाल, जयसिंह जानूं सहित सैकडों की संख्या में स्काउट्स उपस्थित रहे।

मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन

झुंझुनूं, (निसं)। स्थानीय गणपति नगर स्थित न्यू राजस्थान बालिका पीजी महाविद्यालय में एनएसएस की दोनों इकाइयों की संयुक्त तत्वावधान में शनिवार को हरियाली तीज के उपलक्ष्य में मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर छात्राओं ने एक से बढकर एक, सुंदर मेहंदी लगाकर अपनी कला का प्रदर्शन किया। निर्णायक मंडल द्वारा प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर सना द्वितीय स्थान पर मुस्कान एवं तृतीय स्थान पर साहिबा ने प्राप्त किया। संस्थान निदेशक, संस्था सचिव, महाविद्यालय प्राचार्य व एनएसएस प्रभारी ने सभी विजेताओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। संस्था सचिव इंजी. पीयूष ढूकिया ने सभी छात्राओं को हरियाली तीज की बधाई दी और छात्राओं का उत्साह बढाते हुए कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताओं से छात्राओं में क्रियाशीलता, सर्जनात्मकता, एकाग्रता एवं मिलकर कार्य करने की क्षमता का विकास होता है एवं हरियाली तीज के पर्व का विशेष महत्व है। यह त्यौहार जहां एक ओर मनुष्य को प्रकृति से जोडता है। वहीं दूसरी ओर पारिवारिक सुख समृद्धि के लिए भगवान शिव व माता पार्वती की आराधना से जोडता है। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. सुमन जानूं ने सभी छात्राओं को हरियाली तीज की बधाई दी और कहा कि इस तरह के कार्यक्रमों से आपस में एकता का संचार होता है। साथ ही हमें अपनी संस्कृति को मजबूत बनाने की इच्छा जागृत होती है। इस अवसर पर एनएसएस प्रभारी पिंकेश, अंजू सैनी, समस्त स्टाफ सदस्य एवं छात्राएं उपस्थित रहे।

बकरी चोरों को पकड़ने की मांग

रतनगढ़ (निसं)। तहसील के गांव सीतसर में एक किसान की लगातार तीन साल से बकरियां चोरी हो रही है। खेती एवं पशुपालन से अपनी आजीविका चलाने वाला किसान इस बार हुई घटना से आहत हो गया है। घटना से ग्रामीणों में भी आक्रोश है तथा आक्रोशित ग्रामीण शनिवार को पुलिस थाना पहुंचे तथा लिखित रिपोर्ट देते हुए चोरों को पकडने की मांग करते हुए अपना आक्रोश जताया। मामले के अनुसार रतनगढ तहसील के गांव सीतसर निवासी बनवारीलाल जाट खेती एवं पशुपालन से अपनी आजीविका चलाता है। लगातार दो वर्षों से खेत से उसके में मवेशियों की चोरी हो रही है, जिसकी रिपोर्ट पुलिस को भी दी गई है। लेकिन आज तक चोरों का सुराग नहीं लग पाया है। शनिवार को फिर बनवारीलाल के खेत में चोर घुस गए। कार लेकर आए चोरों ने उसके खेत से चार बकरियों की चोरी कर ली। चोरों की कार गांव में लगे सीसीटीवी कैमरों में भी कैद हुई है। घटना से आहत हुआ किसान शनिवार को दर्जनों ग्रामीणों के साथ रतनगढ पुलिस थाना पहुंचा तथा चोरों को पकडने की मांग को लेकर आक्रोश जताया। पुलिस ने बनवारीलाल से लिखित रिपोर्ट लेकर प्रकरण की जांच शुरू कर दी है।

शहीद कल्याण सिंह को श्रद्धांजलि दी

पाटन (निसं)। करगिल विजय दिवस के उपलक्ष्य में शनिवार शाम पाटन के डाबला रोड स्थित शहीद कल्याण सिंह स्मारक पर ग्रामीणों द्वारा एक भावभीनी श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई। इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने कैंडल जलाकर और पुष्प अर्पित कर देश के लिए बलिदान देने वाले वीर सपूत को नमन किया।शहीद कल्याण सिंह, करगिल युद्ध के दौरान ऑपरेशन विजय में दुश्मन से लोहा लेते हुए जम्मू-कश्मीर में शहीद हुए थे। उनका बलिदान आज भी गांववासियों के लिए प्रेरणा का स्त्रोत है।कार्यक्रम के दौरान ग्राम सरपंच मनोज चौधरी, थानाधिकारी विक्रम सिंह, तथा समाजसेवी जसवंत सिंह, उमेश चंद्र गुप्ता, सुबेसिंह, रामसिंह दासाला, शकील खान, अनिल सिंह, करण सिंह, दीपक सिंह, विक्रम सिंह, कृष्ण गुर्जर, शकील खान व सोनू बागवान सहित सैकडों ग्रामीण मौजूद रहे।सभी ने एक स्वर में कहा कि शहीदों की कुर्बानियां व्यर्थ नहीं जाएंगी और आने वाली पीढ़ियों को देशभक्ति की भावना से ओतप्रोत करने के लिए ऐसे आयोजन समय-समय पर होते रहने चाहिए। इस भावुक क्षण में सभी की आंखें नम थीं, लेकिन दिल गर्व से भरे हुए थे। करगिल विजय दिवस पर शहीदों को याद कर देश के लिए अपना सर्वस्व अर्पण करने वाले रणबांकुरों को सच्ची श्रद्धांजलि दी गई।

नलकूप का उद्घाटन किया

झुंझुनूं, (निसं)। बास बुडाना में विधायक कोटे से स्वीकृत नलकूप का शनिवार को झुंझुनूं विधायक राजेंद्र सिंह भांबू ने उद्घाटन किया। ग्रामीणों ने विधायक का माला व साफा पहनाकर सम्मान किया। ग्रामीणों ने बताया कि विधानसभा चुनाव के दौरान ग्रामीणों की मांग पर नए नलकूप की घोषणा की थी। जिस पर विधायक भांबू ने ग्रामीणों की मौजूदगी में नलकूप का उद्घाटन किया। विधायक भांबू ने बताया कि मेरे कार्यकाल में विकास की कोई कमी नहीं रहेगी। मैं आम जनता के हितार्थ हमेशा तत्पर रहूंगा। साथ ही बताया कि भविष्य में भी मैं गांव के चहुंमुखी विकास के लिए हमेशा समर्पित रहूंगा। विशिष्ट अतिथि राजेंद्र ठेकेदार थे। नलकूप उद्घाटन के बाद बालाजी महाराज का प्रसाद भी वितरित किया। मंच संचालन सीताराम बास बुडाना ने किया। इस दौरान विद्याधर, रामावतार भैडा, जैसाराम मनकस, मनीराम भंवरिया, रामनिवास, सुभाषचंद्र भंवरिया, शिवनारायण, संजीव, संतकुमार भैड़ा, महावीर भैड़ा, सुमेर मनकस, सुभाष जानूं, विजेंद्र, मदनलाल, इंद्रपाल मनकस, जयकरण गुर्जर, सुमेर जानूं, मुकेश, धर्मेंद्र जानूं, हरिसिंह भंवरिया सहित सैंकड़ों पुरुष एवं महिलाएं उपस्थित रही।

दो कारों की टक्कर में सात घायल

रतनगढ़ (निसं)। नेशनल हाईवे 11 पर दो कारों की टक्कर में तीन महिलाओं सहित सात लोग घायल हो गए। घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती करवाया गया। जहां एक की हालात गंभीर होने पर उसे हाई सेंटर रेफर कर दिया गया।सूचना मिलने पर रतनगढ़ पुलिस जिला अस्पताल पहुंची घटना की जानकारी ली। घटना के बाद कांग्रेस नेता रामवीर सिंह रायका ने जिला अस्पताल पहुंचे और घायलों को रेफर करवाने में सहयोग किया। हेड कांस्टेबल ओम प्रकाश मीणा ने बताया कि एक कार में रावतसर से पांच लोग सवार होकर जयपुर जा रहे थे जबकि दूसरी कार झुंझुनू से रुणिचा की ओर जा रही थी। नेशनल हाईवे 11 पर गांव बीरमसर के पास और अवरटेक करते समय दोनों कारों की आमने-सामने भिड़त हो गई। इस घटना में पीलीबंगा निवासी मनोज लोहार उम्र 30 वर्ष गंभीर रूप से घायल हो गए, उसे डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। अन्य घायलों का जिला अस्पताल में उपचार जारी है।

विशेष लोक अदालत का आयोजन

तारानगर (निसं)। तारानगर के ताल्लुका विधिक सेवा समिति अध्यक्ष (अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश) संतोष कुमार मीणा की अध्यक्षता में विशेष लोक अदालत का आयोजन किया गया। एडीजे संतोष कुमार मीणा ने बताया कि न्यायालय में प्रि-लिटिगेशन के 19 प्रकरणों का निस्तारण किया गया जिनमें 10, 25,990 रूपये की वसूली हुई। अधिवक्ता ओमप्रकाश सहारण का उक्त लोक अदालत में सदस्य के रूप में सहयोग रहा। लोक अदालत के दौरान पूर्णसिंह, जयन्त यादव, कैलाशसिंह, टीकूराम, बजरंग सिंह, राहुल आदि ताल्लुका के कर्मचारीगण एवं अधिवक्तागण ने सक्रिय रूप से भाग लिया। लोक अदालत के दौरान ताल्लुका के समस्त एसबीआई बैंक कर्मचारीगणों का भी सराहनीय सहयोग रहा।

पर्यावरण संरक्षण की दिशा में राजस्थान देश में अग्रणी प्रदेश बना : अविनाश गहलोत

चूरू (निसं)। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग मंत्री व जिला प्रभारी मंत्री अविनाश गहलोत ने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में पर्यावरण संरक्षण की दिशा में उनके सतत प्रयासों से राजस्थान देश में अग्रणी प्रदेश है।

शर्मा के नेतृत्व में आयोजित हरियालो राजस्थान अभियान राजस्थान में हरित समृद्धि को साकार कर रहा है। गहलोत शनिवार को जिला मुख्यालय के पास ग्रीन लंग्स रतननगर में मिशन हरियालो राजस्थान के अंतर्गत वन महोत्सव कार्यक्रम को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि हरियाली पर्यावरण की सबसे बडी देन है और इसका संरक्षण हम सबकी जिम्मेदारी है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में प्रदेश सरकार ने इस वर्ष पूरे प्रदेश में 10 करोड पौधे लगाने का लक्ष्य रखा है। यह केवल वृक्षारोपण या जल संरक्षण की पहल नहीं है, बल्कि यह समग्र दृष्टिकोण है जो पर्यावरण, सामाजिक और आर्थिक क्षेत्रों को जोडता है। हम उनके संकल्प को आगे बढाते हुए अधिक से अधिक पौधे लगाएं व उनके संरक्षण का संकल्प लें।

सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता व जिला प्रभारी मंत्री अविनाश गहलोत ने हरियालो राजस्थान के तहत वन महोत्सव कार्यक्रम में पौधरोपण किया।

उन्होंने कहा कि जिलेभर में अभियान अंतर्गत वृहद स्तर पर पौधरोपण किया जा रहा है। हम सभी इस अभियान में अपनी भागीदारी निभाएं तथा राजस्थान को हरा-भरा बनाएं। विधायक हरलाल सहारण ने कहा कि सरकार ने पर्यावरण संरक्षण की दिशा में बेहतरीन कदम उठाएं हैं। हरियालो राजस्थान अभियान भविष्य की पीढ़ियों को स्वच्छ वायु और स्वस्थ पर्यावरण प्रदान करेगा। पैरालिंपिक कमेटी ऑफ इंडिया के अध्यक्ष पद्मभूषण देवेन्द्र झाझड़िया ने कहा कि सम्पूर्ण विष्व में एक पेड मां के नाम अभियान को सराहा जा रहा है।

प्रभारी सचिव व पर्यटन आयुक्त रुक्मणि रियार ने हरियालो राजस्थान अभियान अंतर्गत आयोजित हो रही गतिविधियों से अवगत करवाया। जिला कलेक्टर अभिषेक सुराणा ने जिले में हरियालो राजस्थान अभियान अंतर्गत पौधरोपण व प्रगति से अवगत करवाया। डीसीएफ वीरेन्द्र कृष्णिया ने अतिथियों का स्वागत करते हुए कार्यक्रम की रूपरेखा की जानकारी दी। इस अवसर पर बसंत शर्मा व निकिता गुर्जर ने भी विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम में प्रभारी मंत्री अविनाश गहलोत, विधायक हरलाल सहारण, पैरालिंपिक कमेटी ऑफ इंडिया के अध्यक्ष देवेन्द्र झाझड़िया, प्रभारी सचिव रूक्मणि रियार, जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा, जिला उप प्रमुख महेन्द्र न्यौल, प्रधान दीपचंद राहड़, बसंत शर्मा सहित अतिथियों ने पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इस दौरान जिला उप प्रमुख महेन्द्र न्यौल, प्रधान दीपचंद राहड़, एडीएम अर्पिता सोनी, सीईओ ष्वेता कोचर, अभिषेक चोटिया, धर्मेन्द्र राकसिया, दीनदयाल सैनी, श्रीराम पीपलवा, सीपी शर्मा, भास्कर शर्मा सहित जनप्रतिनिधि, अधिकारी व आमजन मौजूद थे।

मुख्यमंत्री आज मंडावरा आएंगे

सीकर, (निसं)। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा रविवार को जिले के धोद विधानसभा के मंडावरा गांव में आएंगे। वे हरियालो राजस्थान एवं वन व पर्यावरण अभियान में एक साथ 11 हजार पौधारोपण कार्यक्रम में भाग लेंगे और जनसभा को संबोधित करेंगे।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के आगमन की तैयारियों को लेकर भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष मुकेश दाधीच ने शनिवार को भाजपा जनप्रतिनिधियों, पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं की अहम बैठक ली। जिलाध्यक्ष मनोज बाटड़ की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में जिले के जनप्रतिनिधि, पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

बैठक में पूर्व सांसद स्वामी सुमेधानंद सरस्वती, धोद विधायक गोरधन वर्मा, पूर्व विधायक रतनलाल जलधारी, केडी बाबर, पूर्व जिलाध्यक्ष महेश शर्मा, विष्णु चेतानी व इंद्रा चौधरी, किसान मोर्चा के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष हरिराम रणवां, श्रवण चौधरी, गजानंद कुमावत, दिनेश जोशी, वन व पर्यावरण अभियान के जिला सहसंयोजक नीलम मिश्रा, नंदकिशोर सैनी व गोविंद बिजारणियां, प्रधान शंकरलाल यादव, भीलवाड़ा के पूर्व जिलाध्यक्ष आकाश शर्मा आदि मंचस्थ रहे।

'हरियालो राजस्थान अभियान में अधिकाधिक पौधारोपण करवाया जाए'

सीकर, (निसं)। डिस्कॉम अध्यक्ष, जयपुर विद्युत वितरण निगम एवं जिले की प्रभारी सचिव आरती डोगरा की अध्यक्षता में शनिवार को सक्रिट हॉउस में केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

इस दौरान प्रभारी सचिव डोगरा ने जिले की जर्जर एवं जहां पानी भरता हो ऐसी विद्यालयों एवं आंगनबाड़ियों को चिन्हित कर आवश्यक इंतजाम कर अन्यत्र स्थापित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि हरियालो राजस्थान अभियान के तहत अधिक से अधिक पौधे लगाए जाएं। उन्होंने खाटूश्याम जी कॉरिडोर के 87 करोड रुपए के प्रोजेक्ट के निर्माण कार्य को जल्द से जल्द शुरू करने की बात कही।

अतिरिक्त जिला कलेक्टर रतन कुमार ने बताया कि हरियालो राजस्थान अभियान के तहत जिले को 21 लाख से अधिक पौधे लगाने का लक्ष्य दिया गया है जिसके तहत अब तक जिले में 12 लाख से अधिक पौधे लगाए जा चुके हैं तथा पूरे प्रदेश में सीकर जिला पांचवें स्थान पर है।

उन्होंने बताया कि वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान में सीकर जिला प्रथम स्थान पर रहा, जिसमें जल स्त्रोतों की व्यापक सफाई और मरम्मत कार्य किए गए। इसके अलावा, पंडित दीनदयाल उपाध्याय संबल पखवाड़ा के तहत कैंप लगाकर आमजन से जुड़े कार्यों को प्राथमिकता के साथ निस्तारण कर राहत दी गई।

प्रभारी सचिव डोगरा ने बैठक में केंद्र एवं राज्य सरकार की फ्लैगशिप योजनाओं की समीक्षा की गई। प्रधानमंत्री आवास योजना, स्वामित्व योजना, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना, जल जीवन मिशन, राजीविका, प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना, पंच गौरव और नमो ड्रोन दीदी योजनाओं की प्रगति की समीक्षा कर अधिकतम उपलब्धि हासिल करने के निर्देश दिए गए।

इस दौरान अतिरिक्त जिला कलेक्टर शहर भावना शर्मा, जिला परिषद के सीईओ राजपाल यादव, यूआईटी सचिव जेपी गौड़, नगर परिषद आयुक्त शशिकांत शर्मा सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

नगरश्री में हरियाली तीज पर सतरंगी लहरियो कार्यक्रम आयोजित

चूरू (निसं)। लोक संस्कृति शोध संस्थान नगर श्री व युक्ति शोध संस्थान चूरू के संयुक्त तत्वावधान में हरियाली तीज पर सतरंगी लहरियो कार्यक्रम विधि महाविद्यालय की प्रो. डॉ. अपूर्वा शर्मा की अध्यक्षता में समारोह पूर्व संपन्न हुआ।

कार्यक्रम के प्रारंभ में तीज माता की प्रतिमा को स्थापित कर महिलाओं द्वारा पूजन किया गया। इस अवसर पर विजयलक्ष्मी शर्मा, मेघा शर्मा, मीना सोनी, शशी चंदेल, अनुराधा वर्मा ने राजस्थानी गीतों से कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में म्हारे लहरिये का नौ सौ रुपया रोकड़ा सा सुरंगो सावण आयो रे, टूटे बाजू बंद री लूम, तीज्यां को त्यौंहार पीया सावण की बरसात में गीतों के माध्यम से खूब समां बांधा। कार्यक्रम में लोक नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। लोक नृत्य प्रतियोगिता में सानिया प्रथम, अंकिता कोकचा द्वितीय और रूचिका शर्मा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

प्रतियोगिता में रूपम माथुर, उमा वशिष्ठ व मोनिका तिवाड़ी ने निर्णायक की भूमिका निभाई। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुये डॉ. अपूर्वा शर्मा ने सौभाग्य का प्रतीक हरियाली तीज कार्यक्रम की प्रशंसा की, उन्हानें कहा कि ऐसे आयोजन हमारे समाज में लुप्त हो रही लोक संस्कृति को पुर्नजीवित करने व संरक्षित करने में महति भूमिका निभाते हैं। इस अवसर पर महिलाओं ने लहरियां प्रिंट के परिधानों को धारण किया। इस अवसर युक्ति संस्थान की सचिव राजकोर राहड़, दीपा गौतम, सरला राव, उषा सोनी, पूजा सोनी, मंजू डागा, सुनीता जांगिड़, सुमन शर्मा, सुशीला सारण, मानसी शर्मा, दीपा, शिखा शर्मा, कमलेश जांगिड़, ममता सिंह, राजेश कुमारी सहित बड़ी संख्या में महिलाओं व युवतियां उपस्थित थी। नगर श्री सचिव श्याम-सुन्दर शर्मा ने आंगतुकों का स्वागत किया व युक्ति संस्थान के अध्यक्ष रमेश सोनी का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. निर्माला सैनी ने किया।

चूरू में हरियाली तीज पर सतरंगी लहरियो कार्यक्रम आयोजित हुआ।

पीएम श्री विद्यालय की छात्राओं ने श्री राजलदेसर गौशाला में वृक्षारोपण किया

राजलदेसर (निसं)। पीएम श्री श्री यूनियन क्लब राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय राजलदेसर के तत्वावधान में प्रधानाचार्य मोहनलाल अर्जुन के नेतृत्व में श्री राजलदेसर गौशाला में सैकडों बालिकाओं के साथ वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

जहां सम्पूर्ण विद्यालय परिवार द्वारा 600 वृक्ष लगाए गए। अब तक 2000 वृक्ष लगाए जा चुके हैं विद्यालय के द्वारा कार्यक्रम में प्रधानाचार्य मोहनलाल अर्जुन ने कहा कि प्रकृति पर्यावरण के लिए पेड़ लगाएं तथा रक्षा व पालण पोशण भी करें। अध्यापक धर्मपाल बुगालिया ने व व्याख्याता रश्मि महर्षि ने भी पर्यावरण संरक्षण पर अपने विचार रखे। गौशाला के मंत्री ललित दाधिच ने,भी बालिकाओं को गौशाला का भ्रमण करवाया जिसमें हर प्रकार की गायों के बारे में विस्तार से जानकारी प्रदान की। अस्वस्थ गायों के स्वस्थता के लिए ट्रोमा सेंटर, ओप्रेशन थियेटर एक्स-रे मशीन हर प्रकार की दवा के बारे बताया साथ ही व गौशाला में आयुर्वेदिक औषधियां जिनका निर्माण गौशाला में होता है उनके बारे में भी जानकारी दी।

श्री राजलदेसर गौशाला में वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

विद्यालय की 500 बालिकाओं ने आज के कार्य क्रम में भाग लिया। इनके अलावा व्याख्याता सरिता शर्मा, अनिता मीणा, आरती शर्मा,अनिता मारू,पिंकी मंडल,एडवोकेट जगदीश बलानिया युवा विकास समिति के अध्यक्ष रतन लाल बारूपाल, मंत्री मदन दाधीच, रामोतार पांडे सहित सैकडों लोग मौजूद रहे। विद्यालय के प्रधानाचार्य अर्जुन मोहन ने बताया 2000 पेड़ और लगाए जाएंगे क्योंकि पेड ही धरती का श्रृंगार है क्योंकि हमारी धरती हरी भरी रहेगी तो सबको ऑक्सीजन मिलेगा समय पर बरसात होगी आदि पेड लगाने से फायदे होंगे उन्होंने राजलदेसर कस्बे के सभी लोगों से कहा हरियाली तीज पर अधिक से अधिक पेड़ पौधे लगाए वही सभी छात्राओं ने पेड़ लगाकर उसका समय-समय पर देखरेख करने की जिम्मेवारी कार्यक्रम का संचालन व्याख्याता रिखा राम तालणिया ने किया।

प्रदेश सरकार स्मार्ट मीटर के नाम पर आमजन की जेब काट रही है : कस्वां

चूरू (निसं)। राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार जिला कांग्रेस कमेटी ने स्मार्ट मीटर सहित विभिन्न मांगों को लेकर शनिवार को जमकर विरोध प्रदर्शन कर जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। इस दौरान चूरू जिला कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में कलेक्ट्रेट के आगे सांसद राहुल कस्वां के नेतृत्व में जमकर नारेबाजी की। इसको लेकर शहर व देहात ब्लॉक कांग्रेस कार्यालय मंडेलिया हाउस में एक प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया।

इस दौरान सांसद राहुल कस्वां, सुजानगढ़ विधायक मनोज मेघवाल, चूरू शहर ब्लॉक अध्यक्ष असलम खोखर, देहात ब्लॉक अध्यक्ष किषोर धान्धू, चूरू जिला कांग्रेस सेवादल अध्यक्ष संजय दीक्षित, महिला कांग्रेस जिला अध्यक्ष सुनिता कपुरिया, सहित जिले के वरिष्ठ पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद थे। कार्यक्रम का संचालन जिला उपाध्यक्ष जमील चौहान ने किया। इस अवसर पर सांसद राहुल कस्वां ने कहा कि प्रदेश में आमजन विरोधी कार्य किए जा रहे है। प्रदेश की भाजपा सरकार स्मार्ट मीटर की जगह स्मार्ट लूट कर रही है। इसको लेकर जिला कलक्टर को ज्ञापन देकर मांग की गई कि ये स्मार्ट मीटर बंद किए जाए। प्रदेश में जो अराजकता का माहौल है उस पर अंकुश लगाया जाए। इसके अलावा संविधान में जो प्रावधान है कि पंचायत व निकाय के चुनाव पांच साल में होने चाहिए वो समय सीमा में कराए जाएं व मनमाने तरीके से परिसीमन नहीं किया जाए। मुख्यमंत्री चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा योजना और आरजीएचएस योजना से जुड़े लाभार्थियों के हितों को ध्यान में रखा जायें।

चूरू जिले में सरकारी भवनों की स्थिति का आकलन कर जर्जर हालात में जो भवन जिसमें स्कूल, अस्पताल संचालित है, उनको खाली करवाकर अन्य भवनों में शिफ्ट किया जावें। सुजानगढ़ विधायक मनोज मेघवाल ने कहा कि प्रदेश में भाजपा राज में कानून व्यवस्था चौपट हो गई है। आये दिन बलात्कार, लूटपाट, डकैती, हत्या, अपहरण, चैन स्नेचिंग, बजरी माफियाओं का आतंक बना हुआ है। अपराधी और बजरी माफिया बेखौफ होकर गैर कानूनी गतिविधियां कर रहे हैं किन्तु सरकार इनकी रोकथाम की बजाय मूकदर्शक बनकर बैठी है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार में जनता भय, भूख और भ्रष्टाचार से त्रस्त है। भाजपा सरकार हर मोर्चे पर जनता को महंगाई और अन्याय से जूझने पर मजबूर कर रही है। स्मार्ट मीटर के नाम पर आमजन की जेब काट रही है।

कारगिल विजय दिवस हमारे वीर जवानों की शौर्यगाथा का प्रतीक : सुराणा

चूरू (निसं)। कारगिल विजय दिवस पर जिला मुख्यालय स्थित वीरगति स्मारक पर जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा ने शनिवार को पुष्प अर्पित कर सर्वोच्च बलिदान देने वाले वीरों को श्रद्धाजंलि प्रकट की। इस अवसर पर जिला कलेक्टर सुराणा ने कहा कि कारगिल विजय दिवस हमारे देश के वीर जवानों की शौर्यगाथा का प्रतीक है। यह दिन हमें न केवल उनके बलिदान को स्मरण करने का अवसर देता है, बल्कि हमें राष्ट्र के प्रति अपने कर्तव्यों को निभाने की प्रेरणा भी देता है।

उन्होंने कहा कि चूरू जिले की धरती वीरता और देश-प्रेम की मिसाल रही है। यहां के वीरों ने अपने साहस, राष्ट्र सेवा की भावना और पराक्रम से भारत का गौरव बढ़ाया है। हम हमारे वीरों के बलिदान के प्रति सच्ची श्रद्धा रखते हुए देश-प्रेम व भाईचारे के साथ आगे बढ़ें और सामाजिक व राष्ट्रीय उन्नित की ओर अग्रसर हो। कार्यक्रम के अंत में दो मिनट का मौन रखकर कारगिल युद्ध व विभिन्न ऑपरेशन के दौरान सर्वोच्च बलिदान देने वाले वीरों को श्रद्धांजलि अर्पित की।

कारगिल विजय दिवस पर जिला मुख्यालय स्थित वीरगति स्मारक पर जिला कलेक्टर अभिषेक सुराणा ने पुष्प अर्पित कर सर्वोच्च बलिदान देने वाले वीरों को श्रद्धांजलि प्रकट की।

इस दौरान एएसपी लोकेन्द्र दादरवाल, डीवाईएसपी सुनील झाझड़िया, पूर्व जिला सैनिक कल्याण अधिकारी कैप्टन (नेवी) कंवर दलीप सिंह, ओम सारस्वत, ईसीएचएस प्रभारी कर्नल सुरेन्द्र शर्मा, नरेन्द्र सिंह राठौड, सुबेदार सुभाषचन्द्र, सुबेदार गुमान सिंह शेखावत, मो. याकूब, दलीप कुमार, जगदेव गोयल, महेश कुमार, गोविन्द सिंह, विशाल सिंह, कपिल कुमार सहित नागरिकों ने पुष्प चक्र अर्पित कर वीरों को नमन किया।

तीज उत्सव मनाया

पाटन (निसं)। दिल्ली-सीकर हाईवे पर स्थित गुढ़ा पब्लिक स्कूल में हरियाली तीज पर्व का भव्य आयोजन किया गया, जिसमें पारंपरिक उल्लास, रंगारंग प्रस्तुतियों और सामाजिक संदेशों की अनूठी झलक देखने को मिली। कार्यक्रम की अध्यक्षता गुढ़ा एजुकेशन हब के चेयरमैन संपत बेनीवाल ने की। तीज पर्व की शुभकामनाएं देते हुए बेनीवाल ने कहा, तीज त्यौहार हमारी संस्कृति की अमूल्य विरासत है। इसे सहेज कर रखना हम सभी की साझी जिम्मेदारी है। यह पर्व न केवल प्रकृति और प्रेम का प्रतीक है, बल्कि सामाजिक सौहार्द और पारिवारिक मूल्यों का भी संदेश देता है।इस अवसर पर संस्था के निदेशक सत्येंद्र ने महिलाओं की भागीदारी और सशक्तिकरण की सराहना करते हुए कहा कि तीज विशेष रूप से महिलाओं का पर्व है, जो उन्हें सामाजिक मंच प्रदान करता है।

प्रपत्र संख्या 7
(देखिये नियम 21)
कार्यालय सहायक आयुक्त (द्वितीय) देवस्थान विभाग, जयपुर
राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 18 (2) के अधीन नोटिस
समस्त सम्बन्धित व्यक्तियों को
मुकदमा नम्बर 74/2025
(नाम वर्णन तथा निवास स्थान)
चूंकि श्री विरेन्द्र सिंह पुत्र श्री कुरड़ा राम निवासी ग्राम पोस्ट क्यामसर, तहसील चिड़ावा, जिला झुंझुनू ने राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 17(1) के अन्तर्गत कामधेनु गौशाला क्यामसर, ग्राम पोस्ट क्यामसर, तहसील चिड़ावा, जिला झुंझुनू के सम्बन्ध में जांच किये जाने के लिए आवेदन पत्र दिया है।
अतएवं धारा 18 की उपधारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में उपर्युक्त प्रन्यास जिसकी जांच की जा रही है में हित रखने वाले समस्त व्यक्तियों के नाम, व्यापक जानकारी के लिए यह नोटिस प्रकाशित किया जाता है कि वे इस नोटिस के जारी होने की तारीख से साठ दिन के भीतर उक्त प्रन्यास के सम्बन्ध में आपत्तियां, यदि कोई हो प्रस्तुत करें।
और यह सूचित किया जाता है कि यदि उपरोक्त निर्दिष्ट अवधि के भीतर कोई आपत्तियां नहीं की गई तो उक्त आवेदन पत्र निर्धारित रीति से निर्णित किया जावेगा तथा जांच प्रसित मामले में निष्कर्ष अभिलिखित किया जावेगा।
आज दिनांक 14.07.2025 को मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय मोहर के अधीन जारी किया गया।
आइदा तारीख पेशी 23.09.2025
मोहर अदालत
सहायक आयुक्त (द्वितीय)
देवस्थान विभाग जयपुर